## धरवाड़, कर्नाटक के प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारियों की संस्थान में शैक्षणिक दौरे की रिपोर्ट

## Report on the educational tour of trainee Forest Range Officers from Forest Academy Dharwad, Karnataka to the Institute

दिनांक 10 अक्तूबर, 2025 को फॉरेस्ट अकैडमी, कर्नाटक, धरवाड़ के 30 प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारियों ने भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का शैक्षणिक भ्रमण किया। श्री अखिल शर्मा, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने आगंतुकों को संस्थान की अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों पर आधारित एक पावर पॉइंट प्रस्तुति दी। उन्होंने मुख्य रूप से जुनिपर पॉलीकार्पोस, चिलगोजा पाइन, कीट प्रबंधन, जैव-उर्वरक, जैव-कीटनाशकों और बीज प्रौद्योगिकी से जुड़ी जानकारियाँ साझा कीं । इसके पश्चात, डॉ. जोगिंद्र सिंह चौहान ने प्रशिक्षुओं को संस्थान के प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र (TDC) का भ्रमण कराया, जहाँ उन्होंने संस्थान द्वारा विकसित तकनीकों और शोध परियोजनाओं के बारे में बताया । उन्होंने विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनाए जा सकने वाले उपायों पर प्रकाश डाला और प्रशिक्षुओं को प्लास्टिक के विकल्प के रूप में लेन्टाना और बांस जैसे जैविक संसाधनों से बने उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित किया । डॉ. चौहान ने भारत सरकार के 'मिशन लाइफ' (Lifestyle for Environment) अभियान की भी चर्चा की, जिसका उद्देश्य आम जन को पर्यावरण-संवेदनशील जीवनशैली अपनाने हेतु प्रोत्साहित करना है । प्रशिक्षुओं ने विशेष रूप से वन संसाधनों के संरक्षण, जैव विविधता, सतत वानिकी प्रबंधन, *टेक्सस वालीचियाना* और *पाइनस वालीचियाना* प्रजातियों तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने से से संबन्धित प्रश्न पूछे । अंत में डॉ. संदीप शर्मा (समूह समन्वयक - अनुसंधान), डॉ. जोगिंद्र सिंह चौहान और श्री अखिल शर्मा ने प्रशिक्षुओं द्वारा वानिकी से जुड़े विभिन्न विषयों पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया । कार्यक्रम के समापन पर श्रीमति हेमा शर्मा, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी ने संस्थान द्वारा प्रदान की गई जानकारी और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।




भा.वा.अ.शि.प. - हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
में आपका स्वागत है










ICFRE-HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE
HFRI



*********